ICAR - Central Institute for Research on Goats
भा॰कृ॰अनु॰प – केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान
Makhdoom Farah, Mathura, Uttar Pradesh, 281122
मखदूम, फरह, मथुरा, उत्तर प्रदेश, 281122

स्वच्छता पखवाड़ा

17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025, 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक पूरे देश में **"स्वच्छोत्सव"** थीम के साथ मनाया जा रहा है, जिसका समापन 2 अक्टूबर 2025 को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में इसी क्रम में आज दिनांक 20.09.2025 आज केंद्रीय बकरी अनुसन्धान संस्थान के सौजन्य से **प्राथमिक विद्यालय थिरावली फरह मथुरा** में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता शिविर लगाया गया जिसमे **कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के बच्चों** को स्वच्छता के विषय में जानकारी दी गई जिसमे बच्चों को प्रतिदिन स्कूल स्नान करके आना चाहिए,साथ ही बच्चों को खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोना चाहिए और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने चाहिए एवं रोज ब्रश से दांत साफ करना चाहिए व स्वच्छता को जीवन में सर्वोपरि रखना चाहिए क्योंकि एक स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है! अपने नाखून समय पर काटने चाहिए ,रोज नहाकर साफ कपड़े पहनने चाहिए । **इन सब बातो को अपने जीवन में उतारना है और देश के विकास में भागीदारी देनी है । हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी ने जो स्वच्छ भारत का सपना देखा था।** हम सभी को उसको साकार करना है । इस अवसर पर संस्थान से श्री सतीश चंद्रा नोडल ऑफिसर,. रोहन सिंह तकनीशियन एवं स्कूल की प्रधान अध्यापिका श्रीमती संतोष कुमारी, श्रीमती अखिलेश स. अध्यापिका और श्रीमती सुनीता कुमारी स. अध्यापिका और श्री जितेंद्र सिंह स. अध्यापक ने भागेदारी की जिसमे सभी बच्चों को स्वच्छता के महत्व को समझाया गया ।